## गायब होते डाक के लाल डिब्बे

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव शहर में पोस्ट विभाग के अंतर्गत लगने वाली पत्र पेटीकाएं जो शहर के विभिन्न स्थानों पर लगी हुई थी वर्षों से उस स्थान पर नजर नहीं आ रही हैं। मुख्य बाजार में जैन मंदिर के निकट पीपल के वृक्ष में लगी पेटी भी नीचे से क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे पत्र डालने वाले पत्र पेटी में डालते है लिहाजा वह टूटी होने के कारण नीचे से डाक सामग्री जमीन पर गिर जाती है।




इस पत्र पेटी में वाकायदा डाक विभाग का ताला भी पड़ा है परंतु क्या डाक विभाग अंध,मूक,और बधिर है क्या जो समझ में नहीं आता कि पत्र पेटिका क्षतिग्रस्त है उसे सुधार कार्य की आवश्यकता है परंतु पोस्ट विभाग इस दिशा में उदासीन बना हुआ है पथरहां कुआं के पास, भगतराम चौराहा पर,मुख्य बाजार में,किसानी मोहल्ला में आदि कई जगह के पत्र पेटी निकाल लीं गईं है परंतु वर्षों हो गए आज तक नहीं लगाई गईं जिससे डाक विभाग के उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता समझ में आने लगी है।फिर कार्यालय से अंतर्देशीय पत्र,और पोस्ट कार्ड क्यों बेचे जा रहे हैं और यदि बेचे जा रहे हैं तो जनता वो पत्र लिखकर किस डिब्बे में डाले। नगर की जनता परेशान हो रही है यह पोस्ट पेटिका का जन चर्चा में अपना अलग जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है ।आखिर डाक विभाग के पी एम जी और प्रवर डाक अधीक्षक ध्यान देकर इस ओर कार्यवाही करें।जनता को परेशानी से निजात दिलाएं।

### इनका कहना है

अभी मेरे को आपके द्वारा ज्ञात हुआ है कि नगर में कहीं कहीं पत्र पेटिका की आवश्यकता है और जो टूटे फूटे पत्र पेटीकाएं है उन्हें रिपेयर करवा कर लगवाया जा रहा है बाकी जगह पत्र पेटिका लगवाने अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है जैसे ही पत्र पेटीकाएं आती है नगर में लगवा दी जाएंगी।

**सुरेन्द्र सोनी**
सब पोस्ट मास्टर
गोटेगांव।

## समय सीमा बैठक आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में 17 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर संस्कृति जैन ने सीएम हेल्प लाईन,समयसीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई के आवेदन, विभिन्न आयोग के पत्रों में लंबित कार्यवाही सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाइन की जिलेवार रैंकिंग तथा 50 दिवस से अधिक समय से लंबित अधिकतम शिकायतों को संतुष्टि से निराकृत करने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने गेहूं उपार्जन व्यवस्थाओं की भी विस्तृत समीक्षा की, उन्होंने अनुभागवार पंजीकृत किसानों, गेहूं के रकबे के साथ उपार्जन के लिए बनाए गए केन्द्रों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## सौसर-पांढुर्णा क्षेत्र के सात विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**सौसर, देशबन्धु।** सौसर-पांढुर्णा क्षेत्र के सात विकास कार्यों को मंजूरी मिली है और हाल ही में आयोजित बजट सत्र में इनको बजट भी आवंटित कर दिया गया है । भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने मुख्यमंत्री से सात विकास कार्यों हेतु बजट में आवंटन देने की मांग की थी।

जिसमें पांढुर्णा पूर्व रेलवे में क्रासिंग पर ओवरब्रिज हेतु 80 करोड़, राजौरा कला से पांढुर्णा सड़क हेतु 3 करोड़, सर्किट हाउस पांढुर्णा हेतु 3 करोड़, सौसर विधानसभा में खैरी से बड़ोसा 3 किमी 3 करोड़ 75 लाख, बिछुआ बगू में पुलिया 1 करोड़ 70 लाख, सावंगा बायपास सड़क हेतु 30 करोड़ 88 लाख, खैरितायगाव पहुंच मार्ग हेतु 1 करोड़ 30 लाख का समावेश है। पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय खोलने हेतु भी मंत्रीद्वय से चर्चा की है।

**पांढुर्णा पूर्व रेलवे में क्रासिंग पर ओवरब्रिज हेतु 80 करोड़, राजौरा कला से पांढुर्णा सड़क हेतु तीन करोड़, सर्किट हाउस पांढुर्णा सड़क हेतु तीन करोड़, सौसर में खैरी से बड़ोसा सड़क तीन करोड़ 75 लाख, बिछुआ बगू में पुलिया निर्माण एक करोड़ 70 लाख, सावंगा बायपास सड़क हेतु 30 करोड़ 88 लाख व खैरितायगाव पहुंच मार्ग हेतु एक करोड़ 30 लाख की व्यवस्था**

### सार-समाचार

## दिलावर खान ने कौमी एकता की मिसाल पेश की



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** स्व. दिलावर खान के परिवार ने हिन्दू मुस्लिम कोमी एकता की मिसाल कायम की है। गोटेगांव क्षेत्र के ग्राम महगवां में स्व. हाजी दिलावर खान के परिवार में होली के पावन पर्व पर एवं रमजानुल मुबारक के मौके पर होली मिलन समारोह में फागों प्रोगाम चला वहीं दूसरी तरफ रोजा इफ्तार किया गया । इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अरविंद पटेल (इमलिया) कृष्णकांत पटेल (दपकिया) अजय पटेल (नरवरा) गिरवर पटेल मुकेश पटेल किशोर पटेल (मालीवाड़ा) हरिशंकर पटेल (पौनिया) तेई सिंह मुकद्दम भूपत सिंह मुकद्दम जय सिंह पटेल निरपत पटेल कुअरमन कुआं वाले मानक सेन मृदंगवादक गौरव पटेल (दपकिया) परिवारजनों ने सभी का स्वागत सम्मान किया स्वागत की बेला में रज्जाक खान जाहिद खान फिरोज खान राशिद खान शाहिद खान नियाज़ खान (बाबू जी) तारिक खान शोभाराम कुशवाहा दयाल कुशवाहा पूरन कुशवाहा पप्पू खान जमा खान एड. इसराइल खान उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज से

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर के मुरलीधर वार्ड स्थित बालाजी धाम कॉलोनी में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज से प्रारंभ हो रहा है। आचार्य शिवशंकर शर्मा (मुंबई वालों) के यजमानत्व में 18 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित 9 दिवसीय कार्यक्रम मेंपंच अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्म ऋषि श्रीमद् रामकृष्णानंद महाराज के मुखारविंद से गुरु वाणी की अमृत वर्षा होगी। कार्यक्रम में पूज्य गुरुवर स्वामी राम तीर्थ महाराज नासिक, जगतगुरु जनार्दन आचार्य रामानुज संप्रदाय मुंबई उपस्थित रहेंगे। अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर रामकृष्णानंद महाराज के पावन सानिध्य में आज दोपहर 12ः00 बजे श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर की पादुकाओं का पूजन करते हुए यजमान परिवार द्वारा अभिनंदन किया जावेगा साथ ही प्रथम दिवस की कथा का शुभारंभ होगा। 22 मार्च दिन शनिवार को आयोजन स्थल पर रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम संपन्न होगा। यजमान परिवार के पंडित ओम प्रकाश शर्मा, रामेति शर्मा, रेवती बाई शर्मा, पंडित रामेश्वर शर्मा, सुमन शर्मा, पंडित अरुण शर्मा, नेहा शर्मा, पंडित दीपक शुक्ला, अर्चना शुक्ला, रितु देधरे एवं परायणकर्ता पंडित भूपेंद्र शास्त्री, पंडित रामकुमार कटारी पंडित सुदामा प्रसाद दुबे, विश्वनाथ ,सोमनाथ, बृजेश शर्मा, रुपेश शर्मा, प्रमेश शर्मा ,नीरज शर्मा, आकाश शर्मा एवं समस्त टेनगुरिया परिवार की ओर से श्रद्धालु भक्तजनों से उपस्थित की अपील की गई है।



## नवागत पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता ने लिया प्रभार

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** जिले के नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता ने छिंदवाड़ा जिले का प्रभार लिया सब डिविजनल जुन्नारदेव थाना का निरीक्षण किया गया इस दौरान उन्होंने पहला दौरा जुन्नारदेव थाने और अनु विभाग के अन्य थानों का निरक्षण किया निरीक्षण के दौरान माइक्रो बीट प्रणाली की जानकारी ली गई उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान जुन्नारदेव एसडीओपी सोनम पाटिल परासिया एसडीओपी जितेंद्र जाट थाना प्रभारी राकेश बघेल और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।



## लोणारी कुनबी समाज की महिलाओं ने मनाई होली



**सौसर, देशबन्धु ।** अखिल भारतीय क्षत्रीय लोणारी कुनबी समाज महिला संगठन जिला पांढूर्णा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह सौसर में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोणारी कुनबी समाज के पांढुर्णा जिला अध्यक्ष परसराम राणे एवं महिला संगठन जिला अध्यक्ष कुसुम धोटे ने सर्वप्रथम छत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्र का पूजन कर माल्यार्पण किया।

इसके पश्चात् संगठन की अध्यक्षा कुसुम ताई सहित सभी महिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली एवं महिला दिवस की शुभकामनाये दी। इस अवसर पर सभी ने समाज संगठन के प्रति अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में लोणारी कुनबी समाज महिला संगठन की जिला पदाधिकारी गण मे अर्चना ताई माकोड़े, सुनिता बारस्कर, मीना राणे एवं ईकाई पांढुर्णा अध्यक्ष प्रतिभा कापसे, एवं अन्य पदाधिकारी गण में रानी देशमुख, रितु चढ़ोकार एवं समिति के अन्य सदस्य, बोरगांव इकाई से मिडिया प्रभारी योगेश्वरी साबले, सौसर ईकाई से अध्यक्ष वर्षा कंटक, उपाध्यक्ष गायत्री बारस्कर एवं स्थानीय सभी मातृशक्ति उपस्थिति रही।

इस दौरान जिला अध्यक्ष परसराम राणे ने अपने उदबोधन में कहा कि नारी शक्ति का योगदान समाज और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण है, वही महिला संगठन जिला अध्यक्ष कुसुम धोटे ने महिलाओ को संगठित होकर समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी।

## होली मिलन समारोह आयोजित



**अमरवाड़ा, देशबन्धु ।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहीद चौक में होली धुरेंडी के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम के आयोजक सचिन गोल्डी नेमा ने बताया कि सनातन की परंपरा का निर्वाह करते हुए समस्त नगरवासी एक मंच पर एकत्रित होकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर रंगों के महोत्सव होली की शुभकामनाएं दी और इस आयोजन में विनोद सनोडिया अंजा और मनीष जैन तारण ने अपनी कविताओं से उपस्थित सभी जनों का मनमोह लिया कार्यक्रम में आभार प्रर्दशन अमित नेमा द्वारा किया गया ।




इस अवसर पर अशोक तिवारी, बालकिशन साहू, कैलाश जैन, यगनेश शर्मा, रज्जु चौरसिया, संतोष नामदेव, राजेन्द्र जैन, अन्नीलाल चौरसिया, ब्रजमोहन डेहरिया,संतु सतीश साहू, गणेश साहू, सरजू वर्मा, प्रमोद पाठक, विनोद चौरसिया, अनिल जैन, बसंत जैन, सुरेश साहू, भूपेंद्र महाराज, आशु चचड़ा, मुकेश सूर्यवंशी, अभिषेक जैन, राजू सराठे, अखिलेश बंटी साहू, सचिन जैन, बसंत साहू, गोविंद सराठे, सुनील जैन, संजय जैन, गोविंद बघेल, बबलू नेमा, प्रदीप जैन, मोती साहू, ओमप्रकाश नामदेव, मनोज श्रीवास्तव, संदीप जैन, लकी चौरसिया, मंतलाल परतेती, सत्तू जैन, अनिल साहू, नंदू राजपूत, निक्की साहू, सुनील ठाकुर, समकेत जैन, रोहित नामदेव, सुदेश नागवंशी, सौरभ जैन, ओमप्रकाश साहू, चंदन ठाकुर, अरविंद बलवंशी, कपिल बैस, अक्षय सोनी, राहुल साहू, जित्तू ठाकुर, अजय साहू, अशोक कहार, नीरज पटेल, बबलू डेहरिया, मोनू नेमा, शैलू ठाकुर, पवन सराठे, नितिन ठाकुर, मिंटू नेमा, रज्जन सोनी और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



**सौसर, देशबन्धु ।** सीएम राईज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर के कक्षा 9वीं और 11वीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान हेतु विद्यालय के सभा कक्ष में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कक्षा नवीं में कुल 194 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 83प्रतिशत एवं कक्षा 11वीं के कुल 178 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा । इस कार्यक्रम में कक्षा नवी के तीन एवं कक्षा ग्यारहवीं के चार सेक्शन के टॉप फाइव कुल 35 विद्यार्थियों को सम्मानित किया ।

कक्षा 9वीं से प्रथम स्थान निकिता फरकसे 98प्रतिशत, द्वितीय राहत जबी मंसूरी 93प्रतिशत, तृतीय नीरज टेकाड़े 92प्रतिशत। कक्षा ग्यारहवीं से प्रथम स्थान हिमानी माकड़े 87प्रतिशत द्वितीय स्थान उन्नति बांगडे 86.8प्रतिशत तृतीय स्थान माही गौड़ 86 प्रतिशत ने हासिल किया । इस कार्यक्रम में अन्य विद्यार्थी मोहित मूलमुले, लतिका निखाड़े, वेदिका दीक्षित, शौर्य लामसे, फैजान मंसूरी ,आर्यन निकाजू, गौरीका पाल, विशाखा निकोसे, मयंक सोमकुंवर ,वैशाली कुमरे, नैना कुमरे, तनीषा अविनाश अभय प्राजंलि हितांशु मुसकोले मेघा प्रणाली मुन्ना आदि विद्यार्थियों को अभिभावकों सहित सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकगण में लक्ष्मण फरकसे, वासुदेव मूलमुले ,अजय सिंह दीक्षित, गोपाल घोड़मारे ,सानिया मंसूरी आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए । इनके अलावा राजेश गौड, शंकर माकड़े ,नंदलाल कुमरे ओम कुमार टेकाड़े, मुरलीधर लामसे आदि उपस्थित थे ।

इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी संजय पडोले,शेषराव सिंगपुरे, चंद्रकांत देशमुख, रीना तुमड़ाम, दिनेश्वर गौतम, कल्पना मानकर, चारु सेलूटकर आदि कक्षा शिक्षक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अनुराधा परिहार ने एवं प्रतिमा कुमरे ने आभार व्यक्त किया ।

## गांजनडोहो में बड़ादेव का कार्यक्रम आयोजित, पहुंचे नेता

**सौसर, देशबन्धु।** गत 16 मार्च को सौसर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम गांजनडोहो में प्रकृति शक्ति बड़ादेव के आयोजित कार्यक्रम में पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष /जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड हुए शामिल।



इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं आदिवासी समाज के वरिष्ठ मोरेश्वर मर्सकोले, राखी इवनाती, विट्ठल ईवनाती, जयसिंह धुर्वे, जुगताराम सलामे, रामभाऊ धुर्वे, विजय खडांते, तुलाराम आहके, सनतराम तुमड़ाम, तुलसीराम भलावी, सुखदेव खंडाते, वासुदेव खंडाते, सुंदरलाल आहके आदि आदिवासी समाज के बंधु गण विशेष रूप से उपस्थित थे ।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 18 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र- स्वाति।**

**मेष**
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**वृषभ**
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

**कर्क**
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**सिंह**
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कन्या**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**तुला**
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु**
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**मकर**
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**कुंभ**
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**मीन**
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.

## गोटेगांव में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर में समूचे वार्डों में गंदगी का और कचरे का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। यहां पर संबंधित विभाग द्वारा मुंह देखी पंचायत होती देखी जा सकती है कुछ वार्डों में चंद जनप्रतिनिधियों की धमक के चलते दोनों टाइम झाड़ू लगाई जाती है वहां एकदम साफ सफाई का नज़ारा शहर में अलग ही दिखता है बाकी शहर में कहां कितना कचरा और गंदगी है इससे विभाग के कर्मचारियों को कुछ लेना देना नहीं है ।

स्मरण हो कि गोटेगांव में 15 वार्ड में चार या 5 वार्डों में सफाई चाक चौबंद रहती है बाकी वार्ड इससे अछूते रहते हैं ऐसा एक आज ही नहीं कई वर्षों से देखा जा रहा है परंतु कोई कहने सुनने वाला नहीं हैं।यहां पर हीनी बिल्ली देखकर मूसा टैबे कान卐वाली कहावत चरितार्थ हो रही है फिलहाल सफाई व्यवस्था डगमगाई हुई है। जबकि 150 से ऊपर कर्मचारी पालिका में दर्ज है सभी वेतन भी ले रहे हैं फिर सफाई व्यवस्था फिसड्डी होती जा रही है बताया गया है कि सफाई व्यवस्था ठेके पर चल रही है परंतु ठेका चलाने वाले खुद पालिका से पचासों हजार वेतन लेते हैं फिर नगर को गंदगी और कचरे के ढेर पर बिठालने से क्या मतलब। अब तो संबंधित कार्यालय में भी कोई दमदार अधिकारी या दमदार जनप्रतिनिधि भी मौजूद नहीं जो शहर की सफाई व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद करे।बहरहाल तमाशा बना हुआ है नगर में सफाई व्यवस्था और लापरवाही की पराकाष्ठा लांघना भी कुछ ज्यादा होती जा रही है।

### जवाबदार जनप्रतिनिधि मौन तो कार्वाई करेगा कौन

जहां एक ओर हमारे देश के प्रधान सेवक माननीय नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का नारा दे रहे हैं तो वहीं नगर का संबंधित विभाग ठीक इसके विपरीत कार्य कर रहा है।शासन और शासन के कारदार इस ओर ध्यान देकर उचित कार्यवाही करके नगर गोटेगांव शहर को सुन्दर और स्वच्छ बनाएं ऐसी नगर की जनता ने मांग की है।